भारत में खाद्यान्न का विपणनयोग्य अधिशेष और फसलोत्तर हानि का आकलन

कार्यविधि और प्रतिदर्श गाँवों का प्रोफाइल

2002

भारत सरकार
कृषि मंत्रालय
(कृषि एवं सहकारिता विभाग)
विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय
प्रधान शाखा कार्यालय
नागपुर - 440001

एम आर पी सी -40

विषय सूची

अध्याय संख्या		पृष्ठ सं.
	प्राक्कथन	i-ii
I.	प्रस्तावना	1-2
II.	कार्यविधि और विस्तारण सीमा	3
III.	फील्ड सर्वेक्षण, पर्यवेक्षण और प्रशिक्षण के लिए जन शक्ति	10
IV.	अनुसूचियों की संवीक्षा और ऑकड़ों का विश्लेषण	11
V.	विपणन योग्य अधिशेष और विक्रय किए गए अधिशेष की अवधारणा	12
VI.	प्रतिदर्श गॉवों का प्रोफाइल	16
	परिशिष्टि	45-54
	संलग्नक	58-91
	प्लेट्स (चित्र पृष्ट)	92-102
	आभार	103-105

I

परिशिष्टि सूची

क्रम संख्या		पृष्ठ सं.
1.	विपणन योग्य अधिशेष और फसलोत्तर हानि के आकलन पर सर्वेक्षण करने के लिए चुनिंदा खाद्यान्न की सूची जिसमें उनके अंग्रेजी नाम, वानस्पतिक नाम एवं विभिन्न स्थानीय भाषाओं में उनके नाम शामिल है	45
2.	नामोद्दिष्ट राज्य एजेंसियों की सूची	46
3.	अध्ययन हेतु प्रतिदर्श जिलों का चयन करने के लिए राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों और प्रस्तावित जिलों की संख्या	48
4.	विपणन अधिशेष और खाद्यान्न की फसलोत्तर हानि के आकलन के लिए चुने गए जिलों की राज्यवार सूची	50
5.	योजना आयोग के कृषीय जलवायु क्षेत्र के अनुसार विपणन अधिशेष और फसलोत्तर हानि के आकलन के सर्वेक्षण के अंतर्गत 100 चुने गए जिलों का विभाजन	54

(II)

संलग्नकों की सूची

क्रम सं.		पृष्ट सं.
1.	जनसंख्या के आकार के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	58
2.	भौगोलिक क्षेत्र और कृषि क्षेत्र के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	59
3.	प्रतिदर्श गॉवों का प्रोफाइल : भौगोलिक क्षेत्र, कृष्ट क्षेत्र और उनकी प्रतिशतता	61
4.	सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता और सिंचाई के स्त्रोत के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	63
5.	वर्ष 1993-94 और 1994-95 के दौरान बुआई किया गया खाद्यान्न का औसत क्षेत्र	65
6.	गॉवों में उगाई गई फसलों के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का वितरण (वर्ष 1993-94 और 1994-95 के ऑकडों के आधार पर)	67
7.	चुनिंदा फसलों के अंतर्गत कृष्ट औसत क्षेत्र	69
8.	विभिन्न राज्यों में छोटे, मध्यम और बड़ी श्रेणियों के प्रतिदर्श कृषकों की औसत संख्या और चुनिंदा कृषकों की कुल संख्या में उनकी प्रतिशतता	73
9.	निकटतम बाजार से दूरी के आधार पर प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	74
10.	फीडर सड़क की स्थिति के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	75
11.	निकटतम बाजार के प्रकार के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	76

12.	गॉव में उपलब्ध कुल भण्डारण क्षमता के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	78
13.	गॉव में सांस्थानिक भण्डारण सुविधाओं की उपलब्धता के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	80
14.	गॉव के बाहर किंतु 10 कि.मी.के दायरे में कुल भण्डारण क्षमता उपलब्धता के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	82
15.	गॉव के बाहर किंतु 10 कि.मी. के दायरे में सांस्थानिक भण्डारण सुविधाओं की उपलब्धता के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	84
16.	प्रति प्रतिदर्श गॉव में उपलब्ध औसत सांस्थानिक भण्डारण क्षमता	87
17.	कुछ राज्यों में चयनित प्रतिदर्श गॉव में भण्डारण की औसत लागत	88
18.	गॉव में कृषक परिवारों की कुल संख्या के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	89
19.	प्रति कृषक परिवार सदस्यों की औसत संख्या	90

चित्र पृष्ठों की सूची

चित्र पृष्ठ		पृष्ठ सं.
1.	जनसंख्या के आकार के अनुसार प्रतिदर्श गॉव का विभाजन	92
2.	कुल भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के अनुसार कुल कृष्ट क्षेत्र	93
3.	सिंचाई के स्त्रोत के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों की संख्या	--
4.	वर्ष 1993-94 एवं 1994-95 के दौरान खाद्यान्न फसलों के अंतर्गत बोए गए औसत क्षेत्र	94
5.	गॉव में उगाई गई फसलों के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का वितरण (वर्ष 1993-94 एवं 1994-95 के औसत ऑकडों पर आधारित)	95
6.	प्रति गॉव प्रतिदर्श कृषकों की औसत संख्या का विभाजन	96
7.	निकटतम बाजार से दूरी के आधार पर प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	97
8.	फीड़र सड़क की स्थिति के अनुसार प्रतिदर्श गॉव का विभाजन	98
9.	निकटतम बाजार के प्रकार के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	99
10.	गॉव में सांस्थानिक भण्डारण सुविधाओं की उपलब्धता के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	100
11.	गॉव के बाहर किंतु 10 कि.मी. की परिधि में सांस्थानिक भण्डारण सुविधाओं की उपलब्धता के अनुसार प्रतिदर्श गॉव का विभाजन	101
12.	गॉव के कृषकों की कुल संख्या के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन	102

i

प्राक्कथन

विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय डी.एम.आई. अपने स्थापना वर्ष 1935 से ही कृषि उत्पादों के विपणन के संबंध में सर्वेक्षण कर रहा है । कृषि विकास, वितरण कार्यक्रम और कृषि संबंधी वस्तुओं के लिए मूल्य निर्धारण नीतियों की योजना के संदर्भ में विपणन योग्य अधिशेष और फसलोत्तर हानि का आकलन करने के लिए वास्तविक आवश्यकता महसूस की गई । विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा आर्थिक नीतियां तय करके निर्णय होने में विपणन योग्य अधिशेष अनुपात संबंधी सूचना आर्थिक डाटाबेस तैयार करने में मदद करता है ।

पिछले दशकों के विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय (डी.एम.आई) के द्वारा किए गए सर्वेक्षणों के आधार पर उपलब्ध विपणन योग्य अधिशेष संबंधी ऑकड़े काफी पहले के थे । अतः निदेशालय द्वारा कुछ महत्वपूर्ण अनाजों के विपणन योग्य अधिशेष और फसलोत्तर हानि का अनुमान लगाने के लिए वर्ष 1972 में राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण किया गया । इस सर्वेक्षण में धान, गेहूं, ज्वार, बाजरा और मक्का जैसे महत्वपूर्ण अनाज की फसलों को लिया गया । समय गुजरने के साथ-साथ इस सर्वेक्षण के विपणन योग्य अधिशेष अनुपात भी ज्यादा काम के नहीं थे । प्रयोक्ता संगठनों से ऑकड़ों को अधिक तर्कसंगत बनाने के लिए उनको अद्यतन रखने की मांग निरंतर प्राप्त हो रही है, जैसे कि सर्वेक्षण केवल विपणन योग्य अधिशेष अनुपात की सूचना ही नहीं प्रदान करता अपितु कुछ निर्णायक मदों की विभिन्न पहलुओं जैसे परिवार खपत के लिए खाद्यान्न, बीज, भोजन एवं अपव्यय आदि संबंधी सूचनाएं भी प्रदान करता है ।

इस दृष्टि से निदेशालय ने कुछ चुनिंदा खाद्यान्न (जैसे अनाज में धान, गेहुं, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी और जौ तथा दाल में अरहर, मूंग, उड़द, चना और मसूर) के विपणन योग्य अधिशेष और फसलोत्तर हानि का प्राकलन करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण प्रारंभ कराया । यह सर्वेक्षण तीन वर्ष अर्थात् 1996-97, 1997-98 और 1998-99 तक किया गया । सर्वेक्षण में 25 राज्यों के 100 जिलों में से 15000 किसान परिवारों को विविध स्तरों पर प्रतिदर्श डिजाइन के अनुसार चुना गया ।

फील्ड सर्वेक्षण निर्धारित राज्य एजेंसियों (डी एस ए) के माध्यम से किया गया । सर्वेक्षण ऑकड़ों से ग्रामीण रूपरेखा (प्रोफाइल) और किसान परिवारों के विभिन्न पहलुओं जैसे उगाई गई फसलों, विभिन्न प्रयोजनों के लिए खाद्यान्न रखने, उत्पादक स्तर पर उठाई गई हानि और बिक्री से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई ।

ii

चुनिंदा गॉवों के संबंध में ग्रामीण जनसंख्या की महत्वपूर्ण जानकारी सहित, भौगोलिक क्षेत्र, कृषिगत क्षेत्र, सिंचाई के स्त्रोत, प्रत्येक फसल के अंतर्गत क्षेत्र का अनुपात, विभिन्न श्रेणियों में कृषकों का वितरण, बाजार तक पहुंच, फीडर सड़क की स्थिति और भंडारण क्षमता की उपलब्धता आदि के ऑकड़े प्रस्तुत करने के प्रयास किए गए ।

मै तकनीकी समिति के सदस्यों, विशेष रूप से नमूना सर्वेक्षण प्रभाग, भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली (आई ए एस आर आई) के संयुक्त निदेशक डॉ. ए.के.श्रीवास्तव और डॉ.एच.वी. एल बथला, हेड सैंपल सर्वेक्षण डिवीजन का आभारी हूं जिन्होंने विपणन योग्य अधिशेष एवं फसलोत्तर हानि का आकलन करने संबंधी सांख्यिकीय कार्य विधि में हमारा समय-समय पर मार्गदर्शन किया । मै राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एन आई सी), पश्चिमी क्षेत्र (सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार) और क्षेत्रीय कंप्यूटर केंद्र, कोलकाता का भी आभारी हूं जिन्होंने क्रमशः डाटा विश्लेषण और डाटा एंट्री के लिए हमे साफटवेयर सुविधा प्रदान करने में मदद की ।

इतने व्यापक स्तर पर किए सर्वेक्षण तथ्यों का व्यवस्थित प्रस्तुतीकरण डी एम आई के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा नामोद्दिष्ट राज्य एजेंसियों के अधिकारियों और कर्मचारियों की सत्यनिष्ठा और भरसक प्रयास से ही संभव हो पाया है । मै उनके सामूहिक प्रयासों की सराहना करता हूं ।

डॉ.पी.के.विश्वास, तत्कालीन संयुक्त कृषि विपणन सलाहकार, श्री आर.एल.दंडवते और डॉ.जी.गोपाला राव ने इस सर्वेक्षण की शुरूआत कराई । डॉ.जी.आर. भाटिया, अपर कृषि विपणन सलाहकार द्वारा इस खंड को प्रकाशन के लिए संपादित कार्य संपन्न किया गया ।

मै उन चुनिंदा किसान परिवारों का भी हृदय से आभार व्यक्त करता हूं सर्वेक्षण के दौरान जिनके उत्साह, सहयोग और सकारात्मक प्रतिक्रिया के बिना यह परियोजना कार्य पूरा होना संभव ही नही था ।

भारत सरकार इस रिपोर्ट में दिए गए किसी भी कथन के लिए उत्तरदायी नहीं है ।

(पी. के. अग्रवाल)
भारत सरकार के
कृषि विपणन सलाहकार

नागपुर :
तारीख : दिसम्बर, 2002

प्रस्तावना

1.1 पृष्टभूमि :

1.1.1. डी एम आई द्वारा पहले के दशकों में और 1972-73 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के आधार पर विपणन योग्य अधिशेष पर उपलब्ध ऑकडे बहुत पुराने हो गए थे । प्रयोक्ताओं से न केवल विपणन योग्य अधिशेष अनुपात पर आवश्यक हो बल्कि अन्य महत्वपूर्ण मदों जैसे : परिवार की खपत के लिए खाद्यान्न, बीज, भोजन एवं अपव्यय सामग्री आदि पर ऑकड़ों को संशोधित करने एवं अद्यतन की मांग लगाना प्राप्त होती रही है । यह सूचना योजना मंत्रालय के सांख्यिकी विभाग के द्वारा कृषि क्षेत्र, खपत, व्यय, बचत, पूंजी निर्माण आदि के 'निवल राष्ट्रीय उत्पाद' के आकलन के लिए प्रयुक्त होती है जिसे ' राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी ' में प्रकाशित किया जाता है । यह सूचना दीर्घ तथा अल्प अवधि मॉग एवं आपूर्ति योजना के साथ साथ खपत के लिए महत्वपूर्ण वस्तुओं की उपलब्धता का आकलन के लिए भी प्रयुक्त होती है ।वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय थोक मूल्यों की अखिल भारतीय सूचकांक संख्या के संकलन में विभिन्न कृषि मदों को वरीयता देने के लिए विपणन योग्य अधिशेष अनुपात का उपयोग करता है । विपणन योग्य अधिशेष अनुपात योजना प्रापण प्रचालन एवं बाजार विकास कार्यक्रम के लिए भी लाभप्रद है । इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कृषि संबंधी विश्वविद्यालयों संस्थानों के अनंसंधानकर्ताओं, संयुक्त राष्ट्र (एफ.ए.ओ.) के खाद्य एवं कृषि संगठन एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को भी इससे काफी मदद मिलती है ।

1.1.2. ऑकड़ों को देश की अर्थव्यवस्था में होनेवाले परिवर्तनों के साथ अनुकूल बनाए रखने के उददेश्य से इस बैठक में सचिव (आर.डी.) की अध्यक्षता में 5 फरवरी 1991 को आयोजित बैठक में इन मुददों पर चर्चा की गई । इस अध्ययन के महत्व को दोहराया गया और यह सहमति हुई कि विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय सर्वेक्षण करने के लिए उपयुक्त एजेंसी है । भारत सरकार के आर्थिक व सांख्यिकी निदेशालय के आर्थिक व सांख्यिकी सलाहकार की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की कि विपणन योग्य अधिशेष, बिक्री, खपत, बीज, भोजन एवं अपव्यय के विश्वसनीय अनुपात निष्कर्षों तक पहुंचने के लिए देश में विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों में नए सर्वेक्षण किए जा सकते हैं ।

1.1.3 इस पृष्टभूमि में स्कीमों से संबंधित स्थायी समिति ने 10.9.93 को आयोजित बैठक में खाद्यान्नों के लिए विपणन योग्य अधिशेष व फसलोत्तर हानि के लिए योजना स्कीम को अनुमोदित किया है । यह भी निर्णय लिया गया कि सर्वेक्षण अनुसूचियों और प्रक्रिया को तैयार करने के लिए गठित की गई तकनीकी समिति स्कीम के अंतर्गत कार्य की प्रगति और कार्यान्वयन को जारी रख सकती है।

1.2 <u>तकनीकी समिति</u>

1.2.1 तकनीकी समिति का गठन इस प्रकार किया गया है :

1.	भारत सरकार का कृषि विपणन सलाहकार	-	अध्यक्ष
2.	निदेशक, भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान	-	सदस्य
3.	कृषि उत्पादन आयुक्त	-	सदस्य
4.	निदेशक (समन्वय) योजना आयोग	-	सदस्य
5.	आर्थिक व सांख्यिकी सलाहकार	-	सदस्य
6.	निदेशक, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन	-	सदस्य
7.	मंडी निदेशक, उत्तर प्रदेश	-	सदस्य
8.	निदेशक, कृषि विपणन हैदराबाद	-	सदस्य

1.2.2. खाद्यान्नों के विपणन योग्य अधिशेष एवं फसलोत्तर हानि का आकलन करने के लिए योजना स्कीम के अंतर्गत इस तकनीकी समिति की पहली बैठक भारत सरकार के कृषि विपणन सलाहकार की अध्यक्षता में 14 नवंबर 1995 को हुई । इस .बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया था और इसका निष्कर्ष यह रहा कि फील्ड सर्वेक्षण करने के लिए राज्य एजेंसियों के नामांकन को अनुमोदन मिला, फील्ड सर्वेक्षण करने के लिए इन राज्य एजेंसियों को सहायता अनुदान प्रदान करने के लिए मानक निर्धारण किए गए साथ ही प्रतिदर्श प्रक्रिया, डाटा संग्रहण के लिए अनुसूची, अवधि आवृति एवं सर्वेक्षण के लिए समय सारिणी संबंधी मानक निर्धारण करने के लिए भी अनुमोदन प्राप्त हुए ।

कार्यप्रणाली एवं विस्तारण क्षेत्र

2.1 उददेश्य

इस स्कीम का मुख्य उददेश्य इस प्रकार है :

क) खाद्यान्न के अनुमानित विपणन योग्य अधिशेष संबंधी ऑकड़ों को संशोधित करना और उन्हें अद्यतन रखना :

ख) खाद्यान्न की खपत, बीज, चारे और इसी रूप में उसमें कड़ी मजदूरी और अन्य भुगतान संबंधी अ़द्यतन ऑकड़ों को संकलित करना : और

ग) उत्पादक के स्तर पर फसलोत्तर होने वाले नुकसान का अनुमान लगाना ।

इस अध्ययन का उददेश्य राज्य और राष्ट्र दोनों ही स्तर पर विपणन योग्य अधिशेष आदि के उचित आकलन देते हुए उसकी प्रासंगिकता निश्चित करना है ।

2.2 कार्यक्षेत्र

2.2.1 विभिन्न संबध्द संगठनों से चुने गए उत्कृष्ट विशेष की तकनीकी समिति ने सिफारिश की है कि विपणनयोग्य अधिशेष और फसलोत्तर हानि का अनुमान लगाने हेतु तत्काल सर्वेक्षण आरंभ करने की दिशा में 12 खाद्यान्नों को लिया जा सकता है । वे खाद्यान्न इस प्रकार है :

अनाज	**दाले**
1) धान	8) अरहर (रेड ग्राम)
2) गेहूं	9) चना (बेंगाल ग्राम)
3) ज्वार	10) मूंग (ग्रीन ग्राम)
4) बाजरा	11) उड़द (ब्लेक ग्राम)
5) मक्का	12) मसूर (लेंटिल)
6) जौ	
7) रागी	

इन खाद्यान्नों के वानस्पतिक नाम और अंग्रेजी नाम तथा विभिन्न राज्यों में विभिन्न स्थानीय भाषाओं में इनके नाम वाली सूची **परिशिष्ट 1** में दी गई है ।

2.2.2. तकनीकी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि :

क) इन सभी खाद्यान्नों का एकीकृत चित्रण तैयार के लिए एक साथ अध्ययन किया जाएगा ;

ख) ये अध्ययन सभी राज्यों में एक साथ किए जाएगें ताकि राज्य और राष्ट्र दोनों स्तर पर विपणनयोग्य अधिशेष इत्यादि का स्तरीय आकलन किया जा सके : तथा

ग) वर्तमान अध्ययन में उत्पादक स्तर तक फसलोत्तर हानि अपव्यय को शामिल किया जाएगा ।

2.3 कार्यान्वयन

2.3.1 <u>फील्ड सर्वेक्षण के लिए एजेंसियाँ :</u>

मंत्रालय ने इस योजना की स्कीम को स्वीकृत करते हुए स्पष्ट संकेत दिया है कि सर्वेक्षण और फील्ड कार्य राज्य सरकार के विभागों/राज्य कृषि विपणन बोर्ड/सरकारी उपक्रमों /कृषि विश्वविद्यालयों इत्यादि जैसी एजेंसियों के माध्यम से विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन के अधीन किए जाएंगे ताकि विभिन्न स्तरों पर समुचित आँकड़ों के साथ-साथ समानता भी सुनिश्चित हो सके । विभिन्न राज्यों में सर्वेक्षण करने वाली नामोदिष्ट राज्य एजेंसियों (डी.एस.ए.) की सूची परिशिष्ट 2 में दी गई है । इस दृष्टि से, ' स्कीम का संक्षिप्त आलेख' एवं डाटा संग्रहण के लिए विस्तृत अनुदेश सर्वेक्षण करने की अनुमति प्राप्त करने के नामोदिष्ट राज्य एजेंसियों के बाद (डी.एस.ए.) को परिचालित किए गए । इन नामोदिष्ट राज्य एजेंसियों ने बदले में सर्वेक्षण के लिए अपने अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया । साथ ही इस कार्य के लिए उनको जनशक्ति भी प्रदान की । इन एजेंसियों में अरूणाचल प्रदेश, असम, हरियाणा, जम्मू व कश्मीर, केरल, मणिपुर, मेघालय, पंजाब और त्रिपुरा के मामलों में निदेशक, कृषि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश और पं.बंगाल में निदेशक विपणन/निदेशक कृषि विपणन, नागालैंड के मामले में राज्य विपणन अधिकारी, बिहार, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उडीसा, राजस्थान में राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मिजोरम में कृषि विपणन निगम लिमिटेड, गोवा में सहकारी समिति (को आपरेटिव सोसायटी) के रजिस्ट्रार, सिक्किम में आर्थिक व सांख्यिकी ब्यूरो, और हिमाचल प्रदेश निदेशक, कृषि, हिमाचल प्रदेश में समग्र पर्यवेक्षण में कृषि विश्वविद्यालय शामिल है ।

2.3.2 <u>वित्तीय सहायता</u> :

भारत सरकार ने नामोद्दिष्ट राज्य एजेंसियों को अपने-अपने राज्यों में फील्ड सर्वेक्षण करने के लिए अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की। आरंभ में, चुनिंदा जिले को 1 लाख रूपये प्रतिवर्ष की दर से अनुदान सहायता दी गई । बाद में इसे तकनीकी समिति ने इसकी समीक्षा की तथा सहायता-अनुदान सहायता की राशि बढाकर 1.50 लाख रूपये कर दी गई ।

2.3.3 पर्यवेक्षण, मार्गदर्शन एवं समन्वय :

विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय ने पता लगाए सेंटरों में फील्ड फारमेंशन से पुन: तैनाती करते हुए नामोद्दिष्ट राज्य एजेंसियों के फील्ड अन्वेषकों के द्वारा फील्ड सर्वेक्षण कार्य में पर्यवेक्षण, मार्गदर्शन एवं समन्वय कार्य में सहायता देने के लिए पर्यवेक्षी अधिकारियों की नियुक्ती की ।

2.4 प्रतिदर्श चयन प्रक्रिया डिजाइन और प्रतिदर्श आकार

तकनीकी समिति ने इस सर्वेक्षण के लिए बहु आयामी प्रतिदर्श चयन प्रक्रिया डिजाइन की सिफारिश की । इसके लिए जिलों का चयन खाद्यान्नों की सभी फसलों के औसत उत्पादन की पद्वति के आधार पर किया गया था । तदनुसार इसमें राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक राज्य के कुल जिलों में से 20% जिलों का चयन किया गया उन्हें राज्यों में उनके आकार और उत्पादन के आधार पर आबंटन किया गया । जैसा कि पहले विपणन निरीक्षण निदेशालय द्वारा भी किया गया था, ऐसा इसलिए किया गया ताकि राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर विपणन योग्य अधिशेष का समुचित अनुमान सुनिश्चित किया जा सके । प्रतिदर्श चयन प्रक्रिया (डिजाइन) के अंतर्गत निम्नलिखित समिलित था :

i) प्रत्येक राज्य में सर्वेक्षण के लिए कुल जिलों में से 20% जिलों का चयन किया गया ।

ii) चुने गए प्रत्येक जिले में खाद्यान्नों के अंतर्गत की गई खेती के कुल क्षेत्र को देखते हुए उसे तीनों स्तरों में वर्गीकृत करने के बाद उनमें से 15 (पंद्रह) गाँवों को चुना गया ।

iii) चुने गए प्रत्येक गाँव के किसान परिवारों को तीनों श्रेणियों अर्थात् छोटे, मध्यम एवं बड़े किसानों में वर्गीकृत करने के बाद उनमें से 10 (दस) किसान परिवारों को चुना गया ।

तदनुसार, अखिल भारतीय आधार पर चुने गए जिलों की कुल संख्या 100 (सौ) सर्वेक्षण किए जाने वाले गाँवों की कुल संख्या 1500 (100 जिले x 15 गाँव) और किसान परिवारों की कुल संख्या 15000 (1500 गाँव x 10 किसान परिवार) आंकी गई । इनसे सर्वेक्षण की तीन वर्ष की अवधि के दौरान तिमाही आधार पर निर्धारित अनुसूचियों में ऑकडे एकत्र किए गए ।

2.5 प्रतिचयन (प्रतिदर्श चयन) पद्धति

2.5.1 प्रतिदर्श जिलों का चयन

जैसा कि पहले बताया गया है तकनीकी समिति द्वारा निदेशक, भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के परामर्श से अनुमोदित प्रतिचयन प्रक्रिया के अनुसार जिलों का चयन खाद्यान्नों की सभी फसलों के संबंध में औसत उत्पादन प्रणाली को ध्यान में रखतें हुए किया गया था । राष्ट्रीय स्तर पर 20% जिलों के चयन के बदले जिलों का चयन प्रत्येक राज्य के कुल जिलों में से 20% जिलों का चयन किया गया और उत्पादन को देखते हुए राज्यों में आबंटन किया जाता है । ऐसा राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तर पर विपणन योग्य अधिशेष इत्यादि का समुचित आकलन सुनिश्चित करने के लिए किया गया । तीन वर्ष (1991-92, 1992-93 और 1993-94) को खाद्यान्न फसलों का वार्षिक उत्पादन संबंधी आकड़ों के आधार पर प्रत्येक राज्य के सभी जिलों को उच्च, मध्यम और निम्न तीन उत्पादन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया । खाद्यान्नों के वार्षिक उत्पादन संबंधी ऑकड़े राज्य के विभागों से लिए गए थे । कुछ राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को मिलाने के पश्चात प्रत्येक राज्य के कुल जिलों में से 20% जिलों का चयन किया गया जिससे कि प्रत्येक श्रेणी से दो जिलों का चयन हो सके और प्रत्येक राज्य से कम से कम छह जिलों का चयन सुनिश्चित किया जा सके चूंकि अलग अलग राज्यों में जिलों की संख्या 2 से 63 के बीच है, (गोवा में 2 जिले हैं और उत्तर प्रदेश में 63 जिले हैं इसलिए उन राज्यों के संबंध में समस्या आती है जहॉ 30 से कम जिले हैं ।

i) राज्य जिनमें 30 या इससे अधिक जिले हैं :
बिहार (42), उत्तर प्रदेश (63), महाराष्ट्र (31) और मध्य प्रदेश (45).

ii) राज्य जिनमें 6 से अधिक किंतु 30 से कम जिले हैं :
ऑंध्र प्रदेश (23), अरूणाचल प्रदेश (11), असम (23), गुजरात (14), हरियाणा (16), हिमाचल प्रदेश (12), जम्मू व कश्मीर (14), कर्नाटक (20), केरल (14), मणिपुर (8), नागालैंड (7), उड़ीसा (13), पंजाब (12) राजस्थान (27), तमिलनाडु (22) और पश्चिम बंगाल (17).

iii) राज्य संघ राज्य क्षेत्र जिनमें 6 से कम जिले हैं :
गोवा (2), मेघालय (5), मिजोरम (3), सिक्किम (4), त्रिपुरा (3) अंडमान निकोबार द्वीप समूह (2), पांडिचेरी (4), दमन व दीव (2) दिल्ली (1), चंडीगढ (1), लक्षदीप (1) और दादर नगर हवेली (1).

अत: कुछ राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को मिलाया गया ताकि प्रत्येक श्रेणी से कम से कम दो जिलों का चयन सुनिश्चित किया जा सके । तदनुसार, अखिल भारतीय आधार

पर सर्वेक्षण के लिए 100 जिलों को चुना गया । सर्वेक्षण के लिए प्रतिदर्श जिलों का चयन करने के लिए राज्यों ओर संघ राज्यों क्षेत्रों को मिलाने का ब्यौरा परिशिष्ट 3 में दिया गया है ओर प्रत्येक राज्य में सर्वेक्षण के लिए चुने गए जिलों की सूची परिशिष्ट 4 में दी गई है जिनमें उच्च के लिए 'एच' , मध्यम के लिए 'एम' तथा निम्न के लिए 'एल' श्रेणी वर्णित है । इसमें यह भी शामिल किया गया कि जिलों का चयन करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि इन चुनिंदा जिलों का खाद्यान्नों के कुल उत्पादन में करीब 20% का योगदान है ।

तकनीकी समिति ने अपनी पहली बैठक में यह भी सुझाव दिया था कि जिलों का चयन करते समय जहाँ तक हो सके राज्यों के विभिन्न प्रदेशों/कृषि जलवायवी क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जाए । संयोगवश 100 चुनिंदा जिलों की सूची में 'पश्चिमी शुष्क क्षेत्र' ओर द्वीप क्षेत्र को छोड़कर प्राय: सभी कृषि जलवायवी क्षेत्र शामिल किए गए । कृषि जलवायवी क्षेत्रवार चुनिंदा जिलों के ब्यौरे परिशिष्ट 5 में प्रस्तुत हैं ।

2.5.2 <u>प्रतिदर्श गाँवों का चयन</u>

प्रत्येक चुनिंदा जिलें में गाँवों को उत्पादन के आधार पर 'उच्च', 'मध्यम' और 'निम्न' तीन स्तरों में वर्गीकृत करने के बाद 15 (पंद्रह) गाँवों का चयन किया गया। प्रत्येक गाँवों से खाद्यान्न उत्पादन संबंधी ऑकड़े प्राप्त करने में आने वाली कठिनाई को ध्यान में रखते हुए तकनीकी समिति ने यह सिफारिश की कि खाद्यान्नों की खेती संबंधी कुल जोत को क्षेत्र के गाँवों के वर्गीकरण के लिए आधार माना जाए । तदनुसार, चुनिंदा जिले के सभी गाँवों को खाद्यान्नों की खेती के अंतर्गत कुल सकल या निवल क्षेत्र के अवरोही क्रम में व्यवस्थित करके उन्हें तीन भागों में विभाजित किया गया ताकि जिले खाद्यान्नों की खेती के अंतर्गत आनेवाले कुल जोत क्षेत्रों का एक तिहाई भाग जो श्रेणी के उच्चतम भाग में था उसे "उच्च" उत्पादन स्तर में मध्यम भाग में शामिल गाँवों को 'मध्यम' उत्पादन स्तर और शेष भाग में शामिल गाँवों को 'निम्न' उत्पादन स्तर में रखा गया । प्रत्येक स्तर पर सरल प्रतिचयन प्रणाली से सर्वेक्षण करने के लिए पाँच गाँव चुने गए ।

---

* ऑकड़े वर्ष 1991-92 एवं 1992-93 की अवधि से संबंधित है । यदि उसके बाद कोई पुनर्गठन हुआ हो तो, इसे इस प्रयोजन के लिए विचाराधीन नही रखा जाएगा ।

2.5.3 <u>किसान परिवारों का चयन</u>

प्रत्येक चुने गए गाँवों में से 10 दस किसान परिवार चुने गए । गाँव के सभी किसान परिवारों की सूची गाँव के राजस्व रिकार्ड से तैयार की गई । किसान परिवारों को खाद्यान्नों की खेती के अंतर्गत जोत क्षेत्र के अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया और सूची को तीन भागों में विभाजित किया गया । प्रत्येक भाग में गाँवों में खाद्यान्नों की खेती

के अंतर्गत आने वाले कुल जोत क्षेत्र का एक तिहाई क्षेत्र लिया गया । सूची के ऊपरी भाग में सबसे ऊपर शामिल किसान परिवारों को 'बड़े' बीच में शामिल किसान परिवारों को 'मध्यम' और शेष किसान परिवारों को 'छोटे' किसानों की श्रेणी में रखा गया । छोटे किसानों की श्रेणी से चार किसान परिवारों और 'मध्यम' व 'बड़े' किसानों की श्रेणी से तीन-तीन किसान परिवारों को प्रतिचयन प्रणाली द्वारा सर्वेक्षण के लिए चुना गया ।

2.6 <u>ऑकड़ा संग्रहण के लिए अनुसूचियाँ</u>

फील्ड सर्वेक्षण के दौरान ऑकडों के संग्रहण के लिए छह अनुसूचियाँ तैयार की गई तथा तकनीकी समिति द्वारा अनुमोदित की गई । अनुसूचियाँ इस प्रकार है :

अनुसूची -I : गाँव से संबंधित अनुसूची

सर्वेक्षण के लिए चुनिंदा गाँवों के संबंध में ग्रामीण अनुसूची में सबद्व सूचनाऐं जैसे जनसंख्या, कुल भौगोलिक क्षेत्र, जोत क्षेत्र, खाद्यान्न फसलों का क्षेत्र और उत्पादन, सिंचाई के स्त्रोत, विपणन सुविधाएं, फीडर सड़कों की स्थिति, भंडारण सुविधाएं इत्यादि शामिल है । सर्वेक्षण के प्रथम चरण में इस अनुसूची को मात्र एक बार भरा गया ।

अनुसूची -II : किसान परिवारों से संबंधित अनुसूची

इस सूची का अभिप्रेत खाद्यान्नों के अंतर्गत जोते गए क्षेत्र का शामिल करते हुए चुनिंदा गाँव में सभी किसान परिवारों की सूचियाँ तैयार करना था एवं इसे सर्वेक्षण के प्रथम चरण में केवल एक बार भरा गया । यह मूलत: विहित प्रक्रिया के अनुसार चुने गए किसान परिवारों की चयन प्रक्रिया से संबंधित था ।

अनुसूची –III : चुने गए किसान परिवारों के विवरण से संबंधित अनुसूची

इस अनुसूची में चुने किसान परिवार से संबंधित संबद्व विवरण शामिल है इसमें उगाई गई फसलों अर्थात् किस्मवार फसल क्षेत्र और उसका उत्पादन, सिंचाई किए गए और सिंचाई न किए गए क्षेत्रों का अध्ययन किया जाता है ।

अनुसूची - IV : विभिन्न प्रयोजनों के लिए खाद्यान्नों का भंडारण

इस सर्वेक्षण के लिए यह महत्वपूर्ण अनुसूची है और विभिन्न प्रयोजनों जैसे उपभोग, बीज, चारा, नकद भुगतान, वस्तुओं के विनिमय आदि के लिए उत्पादक द्वारा खाद्यान्नों के भंडारण से संबंधित सूचना शामिल है ।

अनुसूची – V : उत्पादक स्तर पर होने वाल खाद्यान्नों की हानि :

यह अनुसूची प्रचालनात्मक स्तर पर होने वाले खाद्यान्नों की क्षति से संबंधित है जैसे: गहाई, ओसाई, खेत से भंडारण तक परिवहन में एवं उत्पादक स्तर पर भंडारण के दौरान होने वाली क्षति ।

अनुसूची VI : खाद्यान्नों की बिक्री

इस अनुसूची में उत्पादक के द्वारा गाँव के भीतर एवं बाहर विभिन्न एजेंसियों की जोत वाली खाद्यान्नों की बिक्री शामिल है । नामोंद्दिष्ट राज्य एजेंसियों के क्षेत्र अन्वेषकों

द्वारा चुनिंदा किसान परिवार के यहाँ त्रैमासिक दौरे के दौरान अनुसूची-III से VI तक कें ऑकड़े एवं अन्य संबंधित सूचना दर्ज की गई ।

2.7 सर्वेक्षण की अवधि, वर्ष एवं संख्या

2.7.1 अवधि :

सतत तीन वर्षों 1996-97, 1997-98 और 1998-99 तक सर्वेक्षण किया गया और देखा गया कि इन तीन वर्षो में सब कुछ सामान्य रहा । किसी वर्ष के अपसामान्य होने की स्थिति में तकनीकी समिति के विचार विमर्श के बाद इस अध्ययन को 5 वर्षों तक भी बढाया जा सकता था । इसे ध्यान में रखते हुए, तकनीकी समिति ने समीक्षा की और यह निर्णय लिया कि आगे सर्वेक्षण नहीं किया जाए चूंकि रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए तीन वर्ष के ऑकडे सामान्य थे ।

2.7.2 संदर्भ वर्ष :

संदर्भ वर्ष मौजूदा कृषि वर्ष था अर्थात जुलाई से जून तक । फसल विशेष के लिए विपणन मौसम, क्षेत्र विशेष में फसलों एवं कटाई मौसम पर निर्भर करता है ।

2.7.3 <u>सर्वेक्षण की संख्या</u> :

तीन वर्षों की अवधि में लगातार चुनिंदा बारह खाद्यान्नों (सात अनाज और पाँच दालें) के लिए विपणन योग्य अधिशेष और फसलोत्तर हानि का अनुमान लगाने के लिए ऑकडे एवं अन्य संबंधित सूचनाएँ की गई । प्रत्येक वर्ष में चार बार सर्वेक्षण किया गया । तिमाही सर्वेक्षण में चयनित खाद्यान्नों के संबंध में प्रत्येक चुनिंदा परिवारों से ऑकडे एकत्र किए गए, अर्थात्

प्रथम तिमाही	-	जुलाई से सितंबर
द्वितीय तिमाही	-	अक्तूबर से दिसंबर
तृतीय तिमाही	-	जनवरी से मार्च
चतुर्थ तिमाही	-	अप्रैल से जून

फील्ड सर्वेक्षण, पर्यवेक्षण एवं प्रशिक्षण के लिए अपेक्षित जनशक्ति

3.1 फील्ड सर्वेक्षणों के लिए अपेक्षित जनशक्ति :

नामोद्दिष्ट राज्य एजेंसियों ने मौजूदा जनशक्ति से नामोद्दिष्ट राज्य एजेंसियों से सेवा निवृत्त कार्मिकों की अल्पावधि के लिए नियुक्ति करके या अपेक्षित अर्हता प्राप्त बेरोजगार स्नातक को क्षेत्रीय अन्वेषकों के रूप में नियुक्ति करते हुए सर्वेक्षण कराया । फील्ड सर्वेक्षण के लिए अपेक्षित जनशक्ति से संबंधित निर्णय डी.एस.ए. ने लिया । फील्ड अन्वेषकों ने राज्य के लिए जिला स्तर अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों के प्रशासनिक नियंत्रण में सर्वेक्षण कार्य पूरा किया । फील्ड अन्वेषकों और जिला स्तर अधिकारियों को इस सर्वेक्षण कार्य पूरा करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया । जिसका विवरण बाद के पैरा में दिया गया है ।

3.2 पर्यवेक्षण

सर्वेक्षण के लिए पर्यवेक्षण, मार्गदर्शन व समन्वय के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों एवं उप-कार्यालयों से विपणन व निरीक्षण निदेशालय के अधिकारियों की तैनाती की गई । हिमाचल प्रदेश एवं पूर्वोत्तर राज्यों (असम छोड़कर) के अलावा अधिकांश राज्यों में विपणन व निरीक्षण निदेशालय ने राज्य मुख्यालयों की स्थापना है । हिमाचल प्रदेश के मामले में सर्वेक्षण कार्य जम्मू स्थित उप-कार्यालय के पर्यवेक्षण में किया गया और पूर्वोत्तर राज्यों का सर्वेक्षण कोलकाता स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के पर्यवेक्षण में किया गया

3.3 प्रशिक्षण सामग्री

स्कीम से संबंधित संक्षिप्त सार को नामोद्दिष्ट राज्य एजेसियों को इस अनुरोध के साथ भेजा गया कि जहॉ कहीं आवश्यक हो फील्ड अन्वेषकों की सुविधा के लिए इसे स्थानीय भाषाओं में भी अनुदित करा लिया जाए । इसी प्रकार नामोद्दिष्ट राज्य एजेंसियों को भी चुनिंदा किसान परिवार के यहॉ तिमाही दौरे के दौरान विहित अनुसूचियों में ऑकड़ों के एकत्र करने एवं उनकी रिकार्डिंग करने के लिए विस्तृत अनुदेश एवं दिशानिर्देश उपलब्ध कराए गए । िफर भी, स्कीम मुख्यालयों में ऑकड़ों के संकलन संबंधी सुविधा को ध्यान में रखते हुए नामोदिष्ट राज्य एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने को अनुरोध किया गया कि सर्वेक्षण के दौरान एकत्र सूचनाओं और ऑकड़ों को निदेशालय द्वारा दिए जाने पर दी गई अनुसूचियों को अंग्रेजी भाषा में भी दर्ज किया जाए ।

3.4 पर्यवेक्षी अधिकारियों एवं फील्ड अन्वेषकों को प्रशिक्षण प्रदान करना

डी.एम.आई. के विपणन अनुसंधान एवं प्लानिंग सेल (एम आर पी सी) ने अपने पर्यवेक्षी अधिकारियों के लिए नागपुर में दो बार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए । स्कीम के अंतर्गत पुन:तैनाती के प्रयोजन के लिए डी.एम.आई. के क्षेत्रीय कार्यालयों एवं उप-कार्यालयों से अधिकारी चुने गए । बदले में इन अधिकारियों ने डी.एस.ए. के क्षेत्रीय अन्वेषकों को प्रशिक्षण प्रदान किया ।

ऑकड़ों की अनुसूचियों एवं विश्लेषण की संवीक्षा

4.1 अनुसूचियों की संवीक्षा

चुनिंदा किसान परिवारों के यहां तिमाही भ्रमण करने के बाद प्रत्येक फील्ड अन्वेषक अनुसूचियों में सूचना एवं ऑकड़ों की सत्यता को जाँचने एवं सत्यापित करने के बाद इस प्रयोजन के लिए पुन:तैनात राज्य मुख्यालयों के डी एम आई के पर्यवेक्षी अधिकारियों को भेजे गए । डी एम आई पर्यवेक्षी अधिकारी आगे की स्थिति संवीक्षा और सत्यापन करते हुए अनुसूचियों को नागपुर में डी एम आई के बी.एच.ओ. के विपणन अनुसंधान एवं योजना कक्ष (एम आर पी सी) में भेजी गई । शाखा प्रधान कार्यालय में पर्यवेक्षी अधिकारियों ने आगे यह सुनिश्चित करने के लिए संवीक्षा और सत्यापन किया कि सूचना ठीक से दर्ज है और इसमें कोई अंतर नहीं है । विसंगतियों या कमियॉ होने की स्थिति में, डी एस ए के फील्ड अन्वेषकों द्वारा सुधार के लिए राज्य मुख्यालयों में डी एम आई की पुन:तैनाती वाले अधिकारियों को फील्ड बैक रिपोर्ट दी गई।

4.2 डाटा एंट्री और विश्लेषण :

4.2.1 डाटा एंट्री

तकनीकी समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, डाटा एंट्री संबंधी कार्य डी एम आई द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पश्चिमी क्षेत्र, पुणे, के राष्ट्रीय सूचना केंद्र के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा । एन आई सी ने डाटा एंट्री मॉडयूल तैयार किया, जिसे अनुसूची से जोड़ते हुए भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान (आई ए एस आर आई), नई दिल्ली के विशेषज्ञों को दिखाया गया एवं साथ ही सारणीयन प्लान भी अनुमोदित किया गया । िफर भी, यह देखा गया कि सीमित जनशक्ति के होते हुए यथासमय डाटा एंट्री की ज्यादा व्यापक एवं समय से संवीक्षी संभव नहीं हो पाई । इस दृष्टि से, एन.आई.सी. से परामर्श कर के अनुसूची III से VI की डाटा एंट्री संबंधी कार्य सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, यू.जी.सी. एवं पश्चिम बंगाल सरकार कोलकाता, एन आई सी के अधीन क्षेत्रीय कंम्यूटर केंद्र के नाम से एक संगठन को सौपा गया ।

4.2.2 डाटा का कंप्यूटर विश्लेषण

समेकन कार्य के बाद विश्लेषण कार्य के लिए साफटवेयर के विकास कार्य एवं प्रविष्टि डाटा भरवाकर उसकी परिणामित रिपोर्ट लेने का कार्य एन आई सी, पश्चिमी क्षेत्र पुणे को सौपा गया । निदेशालय ने आई ए एस आर आई, नई दिल्ली से परामर्श से सारणीयन योजना एवं आऊटपुट रिपोर्टों को तैयार करने के लिए कार्य पद्वति का विकास किया, इससे आकलन करते हुए डाटा विश्लेषण करने के लिए आकलन करने संबंधी कार्य पद्वति विकसित की गई । भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान,

नई दिल्ली के विशेषज्ञों ने निदेशालय के बी.एच.ओ. का भ्रमण किया ताकि सर्वेक्षण के विभिन्न चरणों में प्राप्त सर्वेक्षण अनुसूची व्यवस्था, डाटा एंट्री व्यवस्था एवं निदेशालय द्वारा किए गए डाटा विश्लेषण के लिए की गई व्यवस्था का प्रबंधन कार्य पुरा किया जा सके । राज्यों के संबंध में कंप्यूटर से तैयार आऊटपुट परिणामों की जॉच कुछ प्राप्त परिणामों को देखते हुए की गई । बिना कंप्यूटर का आकलन करने के लिए क्रमवार अपनाई गई प्रक्रिया की पुष्टि के लिए अब तक प्राप्त परिणामों को आई.ए.एस.आर.आई. के विशेषज्ञों को दिखाया गया ।

विपणन योग्य अधिशेष और बिक्री अधिशेष की अवधारणा

5.1 विपणन योग्य अधिशेष

इस सर्वेक्षण में, "विपणन योग्य अधिशेष" शब्द उस मात्रा को सूचित करने के लिए प्रयुक्त किया गया है जो किसानों की स्वयं की खपत एवं अन्य आवश्यकताओं के पूरा होने के बाद विभिन्न परिस्थितियों में एवं अन्य वास्तविक अधिशेष के रूप में मौजूद है।

5.2 बिक्री अधिशेष

इस प्रकाशन में, शब्द "बिक्री अधिशेष " उत्पादक द्वारा बिक्री की वास्तविक मात्रा को दर्शाता है।

5.3 विपणन योग्य अधिशेष को प्रभावित करने वाले घटक :

विपणन योग्य अधिशेष की मात्रा उत्पाद से पूर्व एवं उत्पाद के पश्चात की दोनो अवस्थाओ में प्रचालित कारको द्वारा प्रभावित होती है ।

5.3.1 उत्पाद पूर्व के कारक :

उत्पाद से पूर्व की अवस्थाओं में प्रचालित होने वाले वे कारक हैं जिसमें उत्पादन का स्तर अर्थात् फसल का प्रत्यक्ष क्षेत्र संसाधन निवेश फसल उत्पादकता, फसल की बिक्री से होने वाला मौद्रिक लाभ इत्यादि सम्मिलित है ।

5.3.2 उत्पाद के पश्चात के कारक :

उत्पादन के पश्चात विपणन योग्य अधिशेष को प्रभावित करने वाले कारकों में खेतों से मानव एवं पशुओं के उपभोग के लिए वास्तवित माँग, स्थानीय रीति रिवाज़ तथा नकदी एवं इसी तरह के अन्य भुगतान संबंधी कार्य, उत्पादकों की सामाजिक आर्थिक स्थिति, मूल्य निर्धारण संबंधी नीतियाँ एवं कीमत वसूली करना आदि शामिल है ।

5.3.3. अवसंरचनात्मक एवं अन्य सुविधाएँ

इनसे उत्पादन एवं विपणन योग्य अधिशेष प्रभावित होता है एवं अन्य तत्व सामान्य रूप में मौजूदा आर्थिक एवं विशेष रूप में ग्रामीण आर्थिक अवसंरचनात्मक एवं अन्य सुविधाओं से सुदृढ़ या कमजोर हो जाते हैं । इनमें से कुछ इस प्रकार है:

i) **सिंचाई संविधाओं की उपलब्धता :**

यह विदित है कि सिंचाई सुविधा उत्पादकता के साथ साथ अन्य निवेशों से भी मिलकर अधिक प्रभावित करती है ।

ii) **सड़को से संपर्क :**

यह ग्रामीणो के लिए अति महत्वपूर्ण सुविधा है, विशेष तौर पर यदि सभी सड़के पक्की सड़कों से जुड़ी हों । इस के अभाव में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बीच में आदान प्रदान करने में अड़चने एवं बाधा आती है । इससे कठिनाइयाँ एवं परिवहन की लागत प्रभावित होती है, जिससे गाँवों में ही बिक्री करने के लिए विवश हो जाते है, शहरी व्यापार केंद्रों से पूर्ति एवं माँग में बाधा उत्पन्न होती है तथा उत्पादक और उपभोक्ता के बीच में मूल्य बढ़ने की वजह से गैर आर्थिक तत्वों की वृद्वि होती है । इन कमियों के कारण कृषि क्षेत्र के कुछ मूल कमियों को बढ़ावा मिलता है जैसे सस्यक्रम, बाजार की प्रतिक्रियात्मक ताकत में कभी बाजारोन्मुखी कृषि की अपेक्षा निर्वाही कृषि ।

iii) **<u>बाजार(रों) से गाँव की दूरी</u> :**

गाँव और बाजार के बीच दूरी विभिन्न क्षेत्रों में फसलों के प्रकार के उत्पादन एवं बिक्री के लिए एक निर्धारक तत्व है । ज्यों ही गाँवों से बाजार की दूरी बढ़ती है, बाजार प्रभाव से गाँव दूर हो जाता है परिणामतः ऐसे गाँवों में निर्वाही कृषि अपनाई जाती है । लंबी दूरी की अच्छी सड़क और त्वरित परिवहन व्यवस्था कम दूरी वाली खराब सड़क और खराब परिवहन से ज्यादा अच्छी है ।

iv) **नियमित बाजार (रों) की सेवाएं :**

नियमित बाजार अभाव एवं भ्रष्टाचार को दूर करते हुए खरीददारों और विक्रेताओं से उचित हिस्सेदारी कायम करने के लिए सेवाएं उपलब्ध कराते हैं । चूंकि बाजार का विनियमन कृषकों एवं उत्पादको के हित के लिए है, इसलिए सामान्य रूप में उत्पादन एवं विपणन योग्य अधिशेष पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है ।

v) गाँव (गावों) में भण्डारण सुविधाएँ :

उचित साफ सफाई एवं स्वच्छता न होने के कारण होनेवाली वास्तविक हानि से उत्पाद को बचाने के लिए उचित भण्डारण सुविधा एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है । साफ सफाई न होने से फंगस और फफूंदी होती है जिससे गुणवत्ता की कमी आती है तथा नाशक कीट जैसे, कृतंक के कारण प्रत्यक्ष हानि होती है । सीजन के बाद की अवस्थाओं के लिए जब माँग और पूर्ति बेहतर हो जाती है तथा समय सीजन की माँग अधिशेष के साथ मेल खाती है ऐसी स्थिति में

उत्पादक स्तर पर कृषि अधिशेष को कायम रखने के लिए उचित भण्डारण अनिवार्य है । अत: उत्पादन पैटर्न और विपणन योग्य अधिशेष भी इस कारक के लिए उत्तरदायी होता है ।

5.4 विपणन योग्य अधिशेष का अभिकलन

5.4.1 विपणन योग्य अधिशेष

यह फार्मूला ए-बी =एम.एस. से अभिकलित किया जाता है ।

जहाँ एम.एस. विपणन योग्य अधिशेष, ए- संदर्भ वर्ष में दिए गए फसल का कुल उत्पादन एवं ब-उसी वर्ष में निम्नलिखित मदों का द्योतक है ।

i) किसान परिवार के द्वारा खपत
ii) खेतों से जुड़े स्थायी मजदूर के द्वारा खपत
iii) फार्मो पर नियोजित कभी-कभार काम करने वाले अस्थायी श्रमिकों द्वारा खपत
iv) बीज के लिए सुरक्षित रखी गई मात्रा
v) खेती के लिए काम करने वाले पशुओं के लिए चारे के रूप में रखी गई मात्रा
vi) वस्तु विनिमय के लिए सुरक्षित रखी गई मात्रा
vii) **<u>भुगतान</u>** :
   क) स्थायी श्रमिक
   ख) अस्थायी श्रमिक
   म) मशीनरी एवं उपकरण
   घ) परम्परागत भुगतान
   ड़) किराए के रूप में भू-स्वामियों को
   च) पैदावार के हिस्से के रूप में भू-स्वामियों को
   छ) ऋण के अदायगी के लिए
   ज) भू राजस्व
   झ) सिंचाई प्रभार एवं
   ञ) अन्य

viii) **<u>प्रत्यक्ष हानि</u>** :
   क) गहाई और ओसाई में
   ख) खलिहान से भण्डारण के लिए ले जाने, और
   ग) उत्पादक स्तर पर भण्डारण में

विपणन योग्य अधिशेष की मात्रा का आकलन करने के लिए, पद सं **i)** से **vii)** तक को उसी रूप में लिया गया है जैसे उन्हें उत्पादन के समक्ष समायोजित मात्रा के लिए अनुसूचियों में दर्ज किया गया था । मद सं **viii)** में उल्लिखित वास्तविक हानि की स्थिति में दोहरी गणना से बचने के लिए सर्वोत्तम प्रयास किए गए हैं ।

5.4.2 फार्म परिवारों के द्वारा खपत

जहाँ तक कि इसके विपणन योग्य अधिशेष का संबंध है किसान परिवारों द्वारा खपत का अभिप्राय है इससे दो भिन्न अर्थ निकलते हैं । एक स्थिति में, इसके इस प्रयोजन के लिए अपेक्षित वास्तविक कुल आवश्यकताओं पर विचार किए बिना परिवार के लिए रखी वास्तविक मात्रा है । दूसरे अर्थ का संबंध उस मात्रा से हैं जिसे किसान परिवार द्वारा खपत के लिए सुरक्षित रखा जाना है या वह मात्रा जो खपत के लिए अपेक्षित है ।

मध्यम एवं छोटे किसानों के मामले में सुरक्षित रखी गई वास्तविक मात्रा खपत के लिए वास्तविक रूप में अपेक्षित मात्रा से कम होती है, यह फसल धारण एवं उत्पादन करने संबंधी अनिवार्यताओं एवं बाध्यताओं के कारण होती है । अतः उन्हें उतनी मात्रा खरीदनी अपेक्षित होती है जितनी कि उनकी खपत आवश्यकता में कमी आती है । वे कमियों को उधार लेकर, मजदूरी या उपहार आदि की सहायता से दूर करते हैं । ऐसा तब होता है यदि किसी भी हालत में वे कुल स्टाक से कुछ ऐसी मात्रा खरीदते हैं जो फार्म से बाहर जा चुका होता है । ऐसे किसानों के मामले में परिवार खपत से अभिप्रेत है, पूरे वर्ष में इसकी अपेक्षित खपत के लिए फार्म परिवार के द्वारा सुरक्षित रखी गई मात्रा अतः "अधिशेष" शब्द का अर्थ तभी औचित्यपूर्ण होगा जब खपत के लिए अपेक्षित वास्तविक मात्रा, के बजाय गैर कृषि खपत के लिए उपलब्ध विपणन योग्य अधिशेष की वास्तविक मात्रा का आकलन करने तक खपत के लिए रखी गई मात्रा को भी देख लिया जाता है । यदि खपत के लिए सुरक्षित रखी गई वास्तविक मात्रा (और न कि खपत के लिए अपेक्षित वास्तविक मात्रा) को हिसाब में लिया जाता है, तो ऐसी स्थिति में विपणन योग्य अधिशेष की मात्रा इसलिए कम ज्यादा हो जाती है क्योंकि बेची गई मात्रा में उत्पादक के द्वारा वापस खरीदी गई मात्रा सम्मिलित नहीं होगी । अतः विपणन योग्य अधिशेष की गणना के लिए परिवार खपत के लिए सुरक्षित रखी गई मात्रा के बजाय, खपत के लिए अपेक्षित मात्रा पर विचार किया जाएगा । परिवार खपत के लिए अपेक्षित मात्रा की गणना "परिवार खपत के लिए सुरक्षित रखी गई मात्रा +परिवार खपत के लिए क्रय की गई मात्रा + परिवार खपत के लिए वस्तु के रूप में कुल प्राप्तियों" को जोड़ते हुए किया गया है ।

अतः विपणन योग्य अधिशेष निम्न सूत्र के अनुसार आकलित होंगे :

ए -बी = एम. एस.

जहाँ ए उत्पादन के लिए तथा बी पूर्वोक्त सभी उल्लिखित मदों को दर्शाता है उपरोक्त में बताए गए अनुसार इसमें "खपत के लिए अपेक्षित मात्रा" को "परिवार खपत के लिए "अपेक्षित" मात्रा को शामिल करने संबंधी तथ्य को शामिल नही किया गया है । एवं एम. एस. "विपणनयोग्य अधिशेष" को दर्शाता है । यह मात्रा वास्तव में गैर कृषि खपत के लिए उपलब्ध होती है अत: यह सही विपणनयोग्य अधिशेष है।

प्रतिदर्श गॉवों का प्रोफाइल

6.1 प्रतिदर्श गॉवों की औसत जनसंख्या

प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन राज्यवार संलग्नक 1 में जनसंख्या के आकार के अनुसार दर्शाया गया हे । सभी चुने गए गॉवों के लिए सारांश नीचे तालिका सं. 1.1 में दी गई है :

तालिका सं. 1.1

औसत जनसंख्या के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन

क्रम सं.	औसत जनसंख्या	प्रतिदर्श गॉवों की संख्या	कुल प्रतिशत
1.	100 से नीचे	11	0.73
2.	101 से 300	104	6-93
3.	301 से 500	118	7.87
	(क) श्रेणी 1	**233**	**15.53**
4.	501 से 1000	262	17.47
5.	1001 से 1500	188	12.53
6.	1501 से 2000	131	8.73
	(ख) श्रेणी 2	581	38.73
7.	2001 से 2500	121	8.07
8.	2501 और उससे अधिक	565	37.67
	(ग) श्रेणी 3	**686**	**45.74**
कुल (क+ ख+ग)		1500	100.00

उपरोक्त प्रस्तु त प्रतिदर्श गॉवों की जनसंख्या के विश्लेषण से यह देखा गया कि 45.74 % गॉवों में प्रति गॉव जनसंख्या 2000 से अधिक है और उसके बाद

38.73% गॉव में 501 से 2000 की श्रेणी मे है तथा 15.53 % गॉव में 500 से कम जनसंख्या वाले हैं ।

6.1.2. संलग्नक 1 से यह भी देखा गया है कि प्रतिदर्श गॉव की औसत जनसंख्या अरूणाचल प्रदेश में न्यूनतम 577 से केरल में अधिकतम 25048 तक है । प्रतिदर्श गावों की औसत जनसंख्या के आधार पर राज्यों का विभाजन नीचे तालिका सं. 1.2 में देखा जा सकता है !

तालिका सं. 1.2

प्रतिदर्श गॉवों की औसत जनसंख्या के आधार पर राज्यों का विभाजन

1000 से कम	1001 से 2000	2001 से 5000	5001 से 10,000	10,001 और उससे अधिक
अरूणाचल प्रदेश (577)	उड़ीसा (1440)	उत्तर प्रदेश (2065)	तमिलनाडु (5735)	केरल (25048)
मेघालय (732)	जम्मू व कश्मीर (1620)	नागालैंड (2255)	त्रिपुरा (7507)	-
हिमाचल प्रदेश (886)	-	बिहार (2348)	-	-
असम (954)	-	राजस्थान (2497)	-	-
सिक्किम 956	-	मध्य प्रदेश (2584)	-	-
-	-	पंजाब (2679)	-	-
-	-	हरियाणा (3024)	-	-
-	-	कर्नाटक (3024)		
-	-	मणिपुर (3061)	-	-
-	-	महाराष्ट्र (3592)	-	-
-	-	पं. बंगाल (4298)	-	-
-	-	गुजरात (4349)	-	-
-	-	मिजोरम (4532)	-	-
-	-	ऑध्रप्रदेश (4569)	-	-

-	-	गोवा (4944)	-	-

6.2 प्रतिदर्श गाँवों का भौगोलिक और जोत क्षेत्र :

अध्ययन में प्रतिदर्श गाँवों का राज्यवार विभाजन भौगोलिक क्षेत्र और खेती के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को **संलग्नक 2** में दिया गया है । प्रतिदर्श गाँव का विभाजन अखिल भारतीय स्तर पर नीचे **तालिका सं. 2.1** में दिया गया हैं ।

तालिका सं. 2.1

भौगोलिक क्षेत्र और कृषि क्षेत्र के अंतर्गत प्रतिदर्श गाँवों का विभाजन

क्रम सं.	श्रेणी (क्षेत्र, हेक्टेयर में)	प्रतिदर्श गाँवों की संख्या	
		कुल भौगोलिक क्षेत्र (%)	कुल कृषि के अंतर्गत आनेवाला क्षेत्र (%)
1.	500 हेक्टेयर से कम	766 (51.07)	1010 (67.33)
2.	500 से 1500	481 (32.06)	349(23.27)
श्रेणी -I कुल		1247 (83.13)	1359 (90.60)
3.	1500 से 3000	169 (11.27)	98 (6.53)
4.	3000 से 5000	53 (3.53)	39 (2.60)
श्रेणी -II कुल		222 (14.80)	137 (9.13)
5.	5000 से अधिक	31.07 (2.07)	4 (0.27)
श्रेणी -III कुल		31 (2.07)	4 (0.27)
कुल योग		1500 (100.00)	1500 (100.00)

(संक्षेप में ऑकडे कुल प्रतिशत को दर्शाते हैं)

उपरोक्त में दर्शाए गए विस्तृत ब्यौरे से यह देखा गया है कि प्रतिदर्श गाँवों का 83.13% भौगोलिक क्षेत्र 1500 हेक्टेयर से कम है । उसी प्रकार, 90.60% प्रतिदर्श गाँवों के मामले में कुल कृषि के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र 1500 हेक्टेयर से कम थे । 5000 हेक्टेयर से अधिक भौगोलिक या कृषि के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र प्रतिदर्श गाँवों की प्रतिशतता बहुत ही कम थी । 5000 हेक्टेयर से अधिक का भौगोलिक क्षेत्र के साथ प्रतिदर्श गाँव ऑध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान और त्रिपुरा जैसे राज्यों में देखे गए हैं । फिर भी, 5000 हेक्टेयर से अधिक

जोत क्षेत्र का गॉव कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और राजस्थान के राज्यों में केवल एक ही था ।

6.3 कुल भौगोलिक क्षेत्र के कुल जोत क्षेत्र की प्रतिशतता के अनुसार प्रतिदर्श गॉव का विभाजन

कुल भौगोलिक क्षेत्र में कुल जोत क्षेत्र की प्रतिशतता गॉव के कृषि आर्थिक स्थिति का महत्वपूर्ण सूचक हैं । पूर्वोक्त में दर्शाए अनुसार, राज्यवार ब्यौरे संलग्नक 2 में दिए गए हैं । खेती के अधीन कुल क्षेत्र के अनुसार प्रतिदर्श गॉव का अखिल भारतीय विभाजन की प्रतिशतता के रूप में बताए गए कुल कृषि क्षेत्र को तालिका सं. 2.2 में दर्शाया गया है ।

तालिका सं. 2.2

कुल भौगोलिक क्षेत्र के कुल कृषि क्षेत्र की प्रतिशतता के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन

क्रम सं.	श्रेणी (कुल भौगोलिक क्षेत्र की तुलना में कुल कृषि क्षेत्र की प्रतिशतता)	गॉवों की संख्या (%)
1.	30 से कम	168(11.20)
2.	30 से अधिक 50 तक	177 (11.80)
वर्ग I कुल		**345 (23.00)**
3.	50 से अधिक 70 तक	308 (20.53)
4.	70 से अधिक 90 तक	566 (37.73)
वर्ग II कुल		**874 (58.26)**
5.	**90 से अधिक**	**281 (18.74)**
वर्ग III कुल		**281 (18.74)**
कुल योग		**1500 (100.00)**

(संक्षेप में ऑकड़े कुल प्रतिशतता को दर्शाते हैं)

यह देखा गया है कि अध्ययन के दौरान लिए गए प्रतिदर्श गाँवों के 58.26 % के पास 50 से 90 % जोत क्षेत्र है । 23% गाँवों के पास कृषि क्षेत्र के पास 50% से कम क्षेत्र हैं । इसी प्रकार, प्रतिदर्श गाँव के 18.74% के पास 90% से अधिक कृषि क्षेत्र हैं ।

कुल भौगोलिक क्षेत्र की प्रतिशतता के रूप में व्यक्त कुल कृषि क्षेत्र के अनुसार प्रतिदर्श गाँवों का राज्यवार विवरण तालिका 2.3 में दर्शाया गया है ।

तालिका सं. 2.3

कुल भौगोलिक क्षेत्र की प्रतिशतता के रूप में वर्णित कुल कृषि क्षेत्र के अनुसार प्रतिदर्श गाँवों का राज्यवार विभाजन

क्रम संख्या	राज्य का नाम	प्रतिदर्श गाँवों की संख्या	कुल भौगोलिक क्षेत्र की प्रतिशतता के रूप में वर्णित कुल कृषि क्षेत्र सहित गाँवों की संख्या									
			30% तक	%	>30-50%	%	>50-70%	%	>70-90%	%	90 % से अधिक	%
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.	11.	12.	13.
1.	ऑध्र प्रदेश	75	11	14.67	12	16.00	14	18.67	25	33.33	13	17.33
2.	अरूणाचल प्रदेश	30	3	10.00	6	20.00	6	20.00	10	33.33	5	16.67
3.	आसाम	75	3	4.00	4	5.33	28	37.33	34	45.33	6	8.00
4.	बिहार	165	8	4.85	19	11.52	39	23.64	77	46.67	22	13.33
5.	गोवा	15	4	26.67	2	13.33	3	20.00	4	26.67	2	13.33
6.	गुजरात	60	1	1.67	3	5.00	8	13.33	33	55.00	15	25.00
7.	हरियाणा	45	0	0.00	0	0.00	2	4.44	25	55.56	18	40.00
8.	हिमाचल प्रदेश	45	9	20.00	17	37.77	13	28.89	3	6.67	3	6.67
9.	जम्मू एवं कश्मीर	45	16	35.56	13	28.89	10	22.22	4	8.89	2	4.44
10.	कर्नाटक	60	7	11.67	5	8.33	7	11.67	20	33.33	21	35.00
11.	केरल	45	2	4.44	1	2.22	7	15.56	24	53.33	11	24.45
12.	मध्य प्रदेश	135	5	3.70	8	5.93	24	17.78	69	5111	29	1.48
13	महाराष्ट्र	90	16	17.78	2	2.22	12	13.33	31	34.45	29	32.22
14.	मणिपुर	15	0	0.00	5	33.33	5	33.33	5	33.33	0	0.00
15.	मेघालय	15	2	13.33	0	0.00	3	20.00	6	40.00	4	26.67
16.	मिजोरम	15	11	73.33	1	6.67	2	13.33	1	6.67	0	0.00

17.	नगालैण्ड	15	5	33.33	4	26.67	1	6.67	4	26.67	1	6.67
18.	उड़ीसा	90	20	22.22	18	20.00	21	23.33	25	27.78	6	6.67
19.	पंजाब	45	0	0.00	1	2.22	5	11.11	16	35.56	23	51.11
20	राजस्थान	90	9	10.00	9	10.00	28	31.11	35	38.89	9	10.00
21.	सिक्किम	15	3	20.00	2	13.33	2	13.33	5	33.34	3	20.00
22.	तमिलनाडु	75	7	9.33	13	17.33	30	40.00	22	29.33	3	4.00
23.	त्रिपुरा	15	12	80.00	2	13.33	0	0.00	1	6.67	0	0.00
24.	उत्तर प्रदेश	180	10	5.56	17	9.44	41	22.78	73	40.56	39	21.67
25.	पश्चिम बंगाल	45	4	8.89	13	28.89	7	15.56	14	31.11	7	15.56
	अखिल भारत	1500	168	11.20	177	11.80	318	21.20	566	37.73	271	18.07

6.4 औसत भौगोलिक क्षेत्र, औसत कृषि क्षेत्र और भौगोलिक क्षेत्र के कृषि क्षेत्र की प्रतिशतता को देखते हुए प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन :

औसत भौगोलिक क्षेत्र, औसत कृषि क्षेत्र और भौगोलिक क्षेत्र की तुलना में कृषि क्षेत्र की प्रतिशतता शेयर के राज्यवार ब्यौरे अनुबंध 3 में दिए गए हैं तथा तालिका सं. 3.1 में सारांश दिया गया है :

तालिका सं. 3.1

कृषि के अंतर्गत औसत क्षेत्र के संबंध में प्रतिदर्श गॉवों का राज्यवार विभाजन

क्रम सं.	औसत भौगोलिक क्षेत्र की प्रतिशतता के रूप में औसत कृषि क्षेत्र	राज्य
1.	80% से अधिक	हरियाणा एवं पंजाब
2.	70% से अधिक और 80% तक	असम, बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल, कर्नाटक, मेघालय, उत्तर प्रदेश आदि
3.	60 से अधिक और 70% तक	ऑध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, मणिपुर, राजस्थान, सिक्किम और तमिलनाडु
4.	50 %से अधिक 60% तक	गोवा और उड़ीसा
5.	50% तक	हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा

ऐसा देखा गया है कि हरियाणा और पंजाब के राज्य के पास भौगोलिक क्षेत्र का 80% से अधिक औसत प्रतिदर्श गॉवों में कृषि क्षेत्र है, जबकि हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा के पास प्रतिदर्श गॉवों का औसत भौगोलिक क्षेत्र का 50% से कम औसत कृषि क्षेत्र है । इन राज्यों की विशेषता में पहाडी तराई भी सम्मिलित है अत: अन्य राज्यों की तुलना में कृषि के लिए उपलब्ध भूमि कम है ।

6.5 सिंचाई सुविधाएं की उपलब्धता के अनुसार प्रतिदर्श गॉवों का विभाजन :

संलग्नक 4 से यह देखा गया है कि 1500 प्रतिदर्श गॉवों में से 1322 प्रतिदर्श गॉव के पास सिंचाई सुविधाएं है, जबकि 178 गॉवों के पास कोई सिंचाई सुविधा नहीं थी । प्रतिशतता को देखते हुए, गॉव के 88.13% के पास सिंचाई सुविधा थी जबकि 11.87% गॉव के पास सिंचाई सुविधा नहीं थी । अधिकांश राज्यों से चुने गए प्रतिदर्श गॉवों में सिंचाई

सुविधा थी । 51.11% से लगभग 100 % तक प्रतिशतता में यह भिन्नता थी । यद्यपि, मणिपुर से प्रतिदर्श गाँवों में कोई सिंचाई सुविधा नहीं थी ।

6.5.1 सिंचाई के स्रोत के अनुसार प्रतिदर्श गाँवों का विभाजन :

